प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेता आज राज्य में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज धनबाद जिले के रणधीर वर्मा स्टेडियम में परिवर्तन महासभा में शामिल हो रहे हैं। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सिसई स्थित थाना मैदान में परिवर्तन सभा और गुमला में आयोजित रोड शो में शामिल होंगे। इधर, जामताड़ा के कुंडित में आयोजित परिवर्तन सभा को उत्तराखंड सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी संबोधित करेंगे। वहीं गुमला जिला के रायडीह प्रखंड के माझाटोली में गोरखपुर के सांसद रवि किशन रोड शो और जनसभा करेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो अक्टूबर को हजारीबाग में प्रस्तावित जनसभा के मद्देनजर आज भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सदस्य सह प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, सांसद मनीष जायसवाल, पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान का जायजा लिया। इससे पहले सभी नेताओं ने झारखंड पुलिस एकेडमी के हेलीपेड और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के ग्राउंड का भी निरीक्षण किया।

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरएसएस को देश तोड़ने वाला संगठन बताया है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण अपने पूर्वजों, वंशजो और आदिवासी समाज के अस्मिता को खतरे में डाल रहे है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के परिवर्तन यात्रा पर हमला करते हुए कहा कि हमारे कार्यों को अंकुश लगाने के लिए बड़े–बड़े नेताओं को लगा दिया गया है। बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर उन्होने कहा कि झारखण्ड में कोई डेमोग्राफी चेंज नहीं हुई है। यहां लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं।

****

बोकारो जिले के तुपकाडीह रेलवे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिससे उसके दो डिब्बे पलट गए। यह घटना तुपकाडीह और राजाबेरा सेक्शन के बीच हुई। इससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई और डाउनलाइन ट्रैक पर ट्रेनों का परिचालन स्थगित कर दिया गया। घटना के बाद से आरपीएफ बोकारो की 15 सदस्यीय टीम मौके पर मौजूद है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

****

पलामू में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जिले को कचरा मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है।

****

राजधानी रांची, खूंटी और सिमडेगा समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इससे आम जनजीवन इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने रांची, गोड्डा और साहिबगंज समेत राज्य के कई जिलों में 27 सितंबर तक बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

****

रांची के डोरंडा स्थित जैप 1 परिसर में आयोजित 16 वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गयी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो शामिल हुए। इस मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता भी उपस्थित रहे। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में राज्य भर के खिलाडियों ने भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन का खिताब जैप–वन को मिला जबकि दुमका की टीम उपविजेता रही।

*******समाप्त*************